अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2022
## (प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** राज्य को, 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से प्राप्त होता है? **(1)**

(A) अनुच्छेद 19 (A) (B) अनुच्छेद 20 (A)
(C) अनुच्छेद 21 (A) (D) अनुच्छेद 29 (A)

**2.** प्राथमिक स्तर पर मातृ भाषा में शिक्षा उपलब्ध कराने का दायित्व राज्य का है, किस अनुच्छेद में उल्लेख है? **(1)**

(A) अनुच्छेद 21 (A) (B) अनुच्छेद 350
(C) अनुच्छेद 350 (A) (D) अनुच्छेद 45

**3.** बाल अधिकार का प्रस्ताव पारित किया- **(1)**

(A) यूनेस्को (B) संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO)
(C) भारत सरकार (D) उ. प्र. सरकार।

**4.** भारतीय संविधान में शिक्षा विषय है- **(1)**

(A) संघ सूची का (B) राज्य सूची का
(C) समवर्ती सूची का (D) स्वतन्त्रता विषय है।

**5.** वुड घोषणा पत्र किस वर्ष भेजा गया? **(1)**

(A) 1852 (B) 1851
(C) 1853 (D) 1854

**6.** 1982 के पहले शिक्षा आयोग की अध्यक्षता किसने की? **(1)**

(A) वुड (B) मैकाले
(C) कोठारी (D) हण्टर।

**7.** अध्यापक शिक्षा हेतु नियामक संस्था है- **(1)**

(A) CTE (B) NCTE
(C) MHRD (D) NCERT

**8.** बेसिक शिक्षा अधिनियम पारित हुआ- **(1)**

(A) 1974 (B) 1972
(C) 1985 (D) 1980

**9.** किस योजना का शुभारम्भ 15 अगस्त, 1995 से किया गया? **(1)**

(A) सर्व शिक्षा अभियान (B) पोषाहार वितरण योजना
(C) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (D) डी.पी.ई.पी.

**10.** मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य है- **(1)**

(A) बच्चों के नामांकन में वृद्धि करना
(B) बच्चों को विद्यालय में पूरे समय तक रोके रखना
(C) स्कूल आने के लिए प्रेरित करना
(D) उपर्युक्त सभी।

**11.** सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने से सम्बन्धित है- **(1)**

(A) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड
(B) नवोदय विद्यालय
(C) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(D) उपर्युक्त सभी।

**12.** कस्तूरबा गाँधी विद्यालय योजना का क्षेत्र है- **(1)**

(A) शहरी
(B) नगरीय
(C) ग्रामीण
(D) मेट्रो।

**13.** BEP क्या है? **(1)**

(A) बेसिक शिक्षा परियोजना
(B) जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम
(C) विद्यालय शिक्षा की तैयारी कार्यक्रम
(D) इनमें से कोई नहीं।

**14.** 'शिमला शिक्षा सम्मेलन (1901)' का आयोजन किया गया- **(1)**

(A) लॉर्ड ऑकलैण्ड द्वारा
(B) लॉर्ड रिपन द्वारा
(C) लॉर्ड कर्जन द्वारा
(D) लॉर्ड विलियम बैंटिक द्वारा

**15.** भारत में आधुनिक शिक्षा का जन्मदाता किसे माना जाता है? **(1)**

(A) चार्ल्स ग्राण्ट
(B) क्लाइव
(C) बैंटिक
(D) कार्नवालिस।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** बाल अधिकार कब और किसने निर्धारित किया? **(1)**

**17.** वुड घोषणा-पत्र के 2 गुण बताएँ। **(1)**

**18.** कोठारी आयोग की नियुक्ति के 2 प्रमुख उद्देश्य बताएँ **(1)**

**19.** यशपाल समिति के कुल कितने खण्ड हैं? **(1)**

**20.** पोषाहार वितरण योजना के 2 उद्देश्य लिखें। **(1)**

**21.** सर्व शिक्षा अभियान की दो विशेषताएँ बताइए **(1)**

**22.** हण्टर ने मुस्लिम शिक्षा के लिए क्या सुझाव दिए? **(1)**

**23.** डी.पी.ई.पी. परियोजना के दो कार्य लिखें। **(1)**

**24.** भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी का प्रवेश कब हुआ था? **(1)**

**25.** मिशनरी स्कूलों की दो विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**26.** कलकत्ता मदरसा की स्थापना किसने की? **(1)**

**27.** धार्मिक शिक्षा के सन्दर्भ में हण्टर आयोग के मुख्य सुझाव बताइए। **(1)**

**28.** किस वर्ग की शिक्षा में छनाई का सिद्धान्त लागू किया गया था? **(1)**

**29.** नवीन शिक्षा नीति के दो दोष बताइए। **(1)**

**30.** आचार्य राममूर्ति समिति की प्रमुख दो सिफारिशें बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** सन् 1813 एवं 1833 के आज्ञापत्र क्या हैं? **(2)**

**32.** यशपाल समिति के सुझाव एवं रिपोर्ट का सारांश लिखिए। **(2)**

**33.** 'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** बेसिक शिक्षा परियोजना का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** सम्पूर्ण साक्षरता अभियान में उत्तरदायी अभिकरण कौन-कौन से हैं? **(2)**

**36.** कर्जन की शिक्षा नीति का मूल्यांकन संक्षेप में कीजिए। **(2)**

**37.** राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना कब संचालित हुई? इसके प्रमुख दो लक्ष्य बताइए। **(2)**

**38.** DPEP क्या है? इसका परिचय दीजिए। **(2)**

**39.** P-MOST क्या है? इसका परिचय दीजिए। **(2)**

**40.** SOPT का पूरा नाम लिखिए। इसके दो मुख्य उद्देश्य बताएँ। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/2022

2. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

3. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN